हरिभूमि
# रत्न भूमि
रायपुर, शुक्रवार 13 जून 2025

तापमान
अधिकतम 34.0 डिग्री
न्यूनतम 25.0 डिग्री

13 पत्रकारिता लोकतंत्र का चौथा स्तंभ : विधायक



14 युक्तियुक्तकरण नीति के विरोध में कांग्रेस का प्रदर्शन





## खबर संक्षेप



### उदंती रिजर्व के जंगल में छोडा गया तेन्दुआ

**मैनपुर।** उदंती सीतानदी टाईगर रिजर्व से एक बडी खबर निकलकर सामने आई है। वन विभाग द्वारा यहां के जंगल में दूसरे वन परिक्षेत्र से तेन्दुआ लाकर छोड़ा गया है। तेन्दुआ को छोड़ने से पहले उसका स्वास्थ्य परीक्षण किया गया और भारी वन अमला की मौजूदगी में तेन्दुआ को जंगल में सुरक्षित छोड़ा गया। मिली जानकारी के अनुसार कांकेर जिले के दुधावा क्षेत्र में पिंजरा में एक तेन्दुआ कैद हो गया। इस तेन्दुआ की उम्र लगभग 03 से 04 वर्ष की बताई जा रही है, जिसे बुधवार को उदंती सीतानदी टाईगर रिजर्व क्षेत्र के जंगल में लाकर छोडा गया है। उदंती सीतानदी टाईगर रिजर्व के उपनिदेशक वरूण जैन ने बताया कि तेन्दुआ को जंगल में छोडने से पहले उसका स्वास्थ्य परीक्षण किया गया है।

### जान जोखिम में डाल ग्रामीण आने-जाने को मजबूर



**मैनपुर।** मैनपुर वनांचल क्षेत्र के ग्रामीण ईलाकों में वाहनों का आवाजाही पर्याप्त नहीं होने के कारण आज भी मजबूरन इस तरह जान जोखिम में डालकर आना - जाना करने मजबूर हो रहे है।

### निर्देश : डीईओ ने जिले के सभी बीईओ को दी हिदायत

# गैर शिक्षकीय कार्यों में संलग्न शिक्षकों को मुक्त करने के सख्त निर्देश जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

जिले में लंबे समय से शैक्षणिक संस्थाओं में कार्यरत शिक्षकों को गैर-शैक्षणिक कार्यों में संलग्न कर शिक्षा व्यवस्था को कमजोर करने की शिकायतों के बीच आज जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय ने बड़ा कदम उठाया है। जारी आदेश के तहत जिले की सभी विकासखंड शिक्षा अधिकारियों और शासकीय स्कूलों के प्रधान पाठकों को निर्देश दिया गया है कि संलग्नीकरण के तहत कार्यरत शिक्षकों को तत्काल प्रभाव से मुक्त कर उनकी मूल संस्था में वापसी सुनिश्चित की जाए। यह आदेश मुख्य रूप से शिक्षकविहीन और एकल शिक्षक शालाओं में व्यवस्था के तहत लगाए गए शिक्षकों के लिए है। कार्यालय ने स्पष्ट किया है कि इन शिक्षकों को अब अपनी मूल संस्था में लौटना होगा ताकि शिक्षण कार्य बाधित न हो और छात्रों की पढ़ाई सुचारू रूप से चल सके। लेकिन सवाल उठ रहा है कि क्या यह आदेश सभी शिक्षकों पर समान रूप से लागू हो रहा है? जवाब है- नहीं।

दरअसल, जिला शिक्षा कार्यालय, समग्र शिक्षा और कलेक्टोरेट कार्यालय में वर्षों से 'बाबूगिरी' कर रहे आधा दर्जन से अधिक शिक्षक अब भी अपने पदों पर जमे हुए हैं, जिन पर इस आदेश का कोई असर नहीं दिख रहा।

हालांकि, इससे नाराजगी का माहौल बना हुआ है। ज़मीनी स्तर पर कार्य कर रहे कई शिक्षक सवाल उठा रहे हैं कि जब सभी को मूल संस्था में लौटने कहा गया है, तो ये विशेष अधिकारी शिक्षकीय कार्य छोड़कर प्रशासनिक पदों पर क्यों टिके हुए हैं? शिक्षक संगठनों का कहना है कि यदि शाला संचालन की गुणवत्ता सुधारना उद्देश्य है तो समान नीति सभी पर लागू होनी चाहिए। अन्यथा यह आदेश सिर्फ़ एक पक्षीय कार्रवाई मानी जाएगी। अब देखना होगा कि शिक्षा विभाग इस दोहरी व्यवस्था पर क्या रुख अपनाता है व्यवस्था का पालन या व्यवस्था से समझौता।

#### शिक्षकों के नाम इस प्रकार हैं

बुद्ध विलास सिंह व्याख्याता, एलबी. हई स्कूल छुरा संलग्न पदः सहायक परियोजना अधिकारी, समग्र शिक्षा माध्यमिक
महेश राम पटेल (व्याख्याता, हायर सेकेंडरी दर्रीपारा) – वर्तमान में प्रभारी बीईओ, मैनपुर
मनोज कुमार केला (प्रधान पाठक, ब्लॉक गरियाबंद) – संलग्न पदः एपीसी, समग्र शिक्षा
भूपेंद्र कुमार सोनी (प्रधान पाठक, गरियाबंद) – संलग्न पदः एपीसी, समग्र शिक्षा
विल्सन पी. थॉमसन (व्याख्याता, छुरा ब्लॉक) – संलग्न पदः एपीसी, समग्र शिक्षा
योगेश पटेल (व्याख्याता, एलबी फिंगेश्वर) – संलग्न पदः एपीसी, समग्र शिक्षा
इसके अलावा भी अन्य शिक्षक अन्यत्र जगह संलग्न हैं।
इन शिक्षकों की संलग्न पोस्टिंग को लेकर जब कलेक्टर भगवान सिंह उइके से सवाल किया गया तो उन्होंने स्पष्ट किया कि इनकी पोस्टिंग शासन स्तर से हुई है, अतः ये संलग्नीकरण श्रेणी में नहीं आते।






### आरोपियों से 70 अवैध शराब लीटर जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

अवैध शराब निर्माण और परिवहन पर रोक लगाने के लिए आबकारी विभाग की संभागीय उड़नदस्ता रायपुर और जिला गरियाबंद की संयुक्त टीम ने कार्रवाई की। आबकारी आयुक्त एवं प्रबंध संचालक श्याम धावड़े तथा कलेक्टर भगवान सिंह उइके के मार्गदर्शन में की गई इस कार्रवाई में जंगल में छिपाकर रखी गई 70 लीटर अवैध कच्ची शराब जब्त की गई। यह संयुक्त कार्रवाई उपायुक्त आबकारी अनिमेष नेताम के निर्देश और प्रभारी उपायुक्त उड़नदस्ता रायपुर अरविंद पाटले तथा जिला आबकारी ▶▶| शेष पेज 13 पर




# 108 कलशों के जल से प्रभु का हुआ महास्नान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

- देव स्नान पूर्णिमा पर मंदिर के पट हुए बंद
- 15 दिन रहेंगे विश्राम पर, दर्शन रहेंगे बंद

नगर के सिविल लाइन स्थित श्री जगन्नाथ मंदिर में देव स्नान पूर्णिमा के पावन अवसर पर परंपरा अनुसार भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और देवी सुभद्रा का महाभिषेक 108 कलशों के शीतल जल से किया गया। दूध, दही, जल और जड़ी-बूटियों के प्रयोग से शास्त्र सम्मत विधि-विधान अनुसार भगवान का स्नान और पूजन संपन्न हुआ। कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय कथा वाचक पंडित युवराज पांडेय के दिशा-निर्देशन में किया गया। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार देव स्नान पूर्णिमा के दिन स्नान के बाद भगवान बीमार हो जाते हैं, जिसे 'अनासर काल' कहा जाता है। इस दौरान मंदिर के पट ▶▶| शेष पेज 13 पर



### प्रतिभावान विद्यार्थियों का सम्मान समारोह 13 को

**गरियाबंद।** पंडित श्यामाचरण शुक्ल फाउंडेशन द्वारा विद्यार्थी सम्मान समारोह का आयोजन 13 जून को होगा। जिसमें जिले के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का सम्मान होगा। पंडित श्यामचरण शुक्ल फाउंडेशन विद्यार्थी सम्मान समारोह का आयोजन करने जा रही है। संस्था के चेयरमैन प्रथम एवं पंचायत मंत्री अमितेश शुक्ल की मौजूदगी में यह आयोजन 13 जून को आयोजित होने जा रहा है। समारोह 12 बजे गरियाबंद वन विभाग प्रणाम में मौजूद ऑक्शन हाल में आयोजित होगा। संस्था द्वारा 10वीं एवं 12वीं बोर्ड में टॉप टेन की सूची में शामिल छात्रों के प्रोत्साहन के लिए यह सम्मान आयोजन कर रही है।



**खबर संक्षेप**



### शहीद आकाश का बलिदान देश और समाज के लिए अपूर्णीय क्षति

**रायपुर।** सुकमा में नक्सली हमले में शहीद हुए रायपुर निवासी एडिशनल एसपी आकाश राव गिरेपूंजे के निवास पर पहुंचकर आज जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) की राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. रेणु जोगी और प्रदेश अध्यक्ष अमित जोगी ने शोक संतप्त परिवार के साथ भेंट की और शहीद को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान डॉ. रेणु जोगी ने कहा, शहीद आकाश राव की वीरता और देश सेवा की भावना हमेशा अमर रहेगी। नक्सलवाद जैसी समस्या से लड़ते हुए उनका बलिदान राज्य और राष्ट्र के लिए अपूर्णीय क्षति है। हम उनके परिवार के दुःख में शामिल हैं और ईश्वर से प्रार्थना करते हैं कि शहीद के परिजनों को इस दुःख को सहने की शक्ति प्रदान करे। प्रदेश अध्यक्ष अमित जोगी ने शहीद के साहस को सलाम करते हुए कहा, छत्तीसगढ़ की शांति और सुरक्षा के लिए शहीद आकाश राव का योगदान सदैव याद किया जाएगा।

### रावांभाठा स्वास्थ्य केंद्र के लापरवाह डॉक्टर पर कड़ी कार्रवाई की मांग

**रायपुर।** बीरगांव ब्लाक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष योगेन्द्र सोलंकी एवं पार्षद इकराम अहमद ने संयुक्त प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि रावांभाठा स्थित स्वास्थ्य केन्द्र में स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही एवं रात्रिकालीन ड्यूटी से गायब रहने वाले डॉक्टरों की वजह से रावांभाटा निवासी साक्षी निषाद की मृत्यु हो गई। लापरवाह स्वास्थ्यकर्मियों एवं डॉक्टरों पर कड़ी कानूनी कार्रवाइ एवं नवजात बच्चे की परवरिश व पढ़ाई का खर्च सरकार द्वारा उठाने की मांग को लेकर सोमवार को प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व महामंत्री पंकज शर्मा के नेतृत्व में बीरगांव के जनप्रतिनिधि कलेक्टर रायपुर से मुलाकात करेंगे।

### डीएपी खाद की कमी से किसानों में हाहाकार



**रायपुर।** जिले के किसान इस समय डीएपी खाद की भारी कमी से परेशान हैं। डीएपी खाद की समस्याओं को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष उधोराम वर्मा सहित किसानों ने तत्काल खाद का भंडारण करने की मांग शासन से की है। साथ ही अविलंब भंडारण नहीं होने पर किसानों के साथ सड़क की लड़ाई लड़ी जाएगी। इसके अलावा समितियों में नगाड़ा बजाकर सरकार को जगाया जाएगा। श्री वर्मा ने बुधवार को विभिन्न गावों के किसानों से मुलाकात की, सभी किसानों ने खाद नहीं मिलने से आक्रोशित है। इसके बाद सद्दू, टेकारी, दोंदेकला, सारागांव, सिलयारी, बंगोली, गनियारी, आसौदा, बूढ़ेनि, फरहदा, बडेरा, माठ, खरोरा, कनकी, कुम्हारी, छड़ियां, पचरी, कुम्हारी सभी समितियों का निरीक्षण करने पर किसानों से चर्चा करने पर पता चला कही भी खाद नहीं है, बहुत से समितियों में बीज भी नहीं है।

### वर्ल्ड ब्राह्मण फेडरेशन ने पर्यावरण पर की विचार गोष्ठी

**रायपुर।** वर्ल्ड ब्राह्मण फेडरेशन सोशल एक्टीविटी ग्रुप की बैठक अरविन्द ओझा प्रदेश अध्यक्ष व नमिता शर्मा महिला अध्यक्ष की अध्यक्षता में होटल एमराल्ड, चंगोराभाठा, रायपुर में हुई। इसमें वर्ल्ड ब्राह्मण फेडरेशन द्वारा पर्यावरण पर विचार गोष्ठी कर पर्यावरण में सुधार के लिए कार्य करने एवं वृक्षारोपण का संकल्प लिया गया। प्रदेश अध्यक्ष अरविन्द ओझा ने बैठक में भारतीय संस्कृति में पर्यावरण के महत्व को बताते हुए भारतीय परंपरा और रीति-रिवाज को अपनाकर पर्यावरण में सुधार के लिए अपील की। महिला अध्यक्ष नमिता शर्मा ने सभी सदस्यों को पर्यावरण सुधार के लिए घर पर गमलों में वृक्षारोपण कर पर्यावरण में सुधार की बात कही। बैठक में सभी सदस्यों ने विश्व के समक्ष पर्यावरण प्रदूषण और उसमें सुधार पर संक्षिप्त में अपने विचार रखे।

# मूणत ने चौपाटी, स्वीमिंग पूल का लिया जायजा, सफाई में कोताही पर नाराज

**वंदना आटो से एनआईटी मार्ग पर चल रहे विकास कार्यों का प्रत्यक्ष निरीक्षण**

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

रायपुर पश्चिम विधायक राजेश मूणत ने जीई मार्ग पर वंदना आटो से एनआईटी तक चल रहे विकास कार्यों की प्रगति का प्रत्यक्ष निरीक्षण किया। निरीक्षण के समय महापौर मीनल चौबे, निगम आयुक्त विश्वदीप, सभापति सूर्यकांत राठौर उपस्थित रहे।

स्थल निरीक्षण के समय अंतराष्ट्रीय स्वीमिंग पूल के आसपास सफाई व्यवस्था लचर होने पर राजेश मूणत ने नाराजगी जताई। वहीं अनुपम गार्डन के पास गंदगी मिलने पर उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि परिसर की साफ-सफाई का नियमित निरीक्षण किया करें। इस दौरान अनुपम गार्डन की साइड रोड पर स्थित दुकानों को उचित रूप से व्यवस्थित करने निर्देश दिए। दरअसल, बुधवार की सुबह शहर में चल रहे विकास कार्यों की वस्तुस्थिति जानने पश्चिम विधायक राजेश मूणत महापौर मीनल चौबे और सभापति सूर्यकांत राठौर तथा निगम अधिकारियों के साथ पैदल निकले। इसकी शुरुआत राजकुमार कालेज के सामने वाले मार्ग से हुई। इसके बाद टीम एनआईटी मार्ग के आगे हो रहे सौंदर्यीकरण कार्य का निरीक्षण करने पहुंची। साथ ही आमानाका ब्रिज के नीचे प्रस्तावित नई चौपाटी स्थल पहुंचकर कार्य की प्रगति का निरीक्षण किया। श्री मूणत ने नई चौपाटी का कार्य जल्द पूरा करने निर्देश दिये। इसके बाद साइंस कालेज के सामने वाली वर्तमान चौपाटी स्थल गये जहां साफ-सफाई की व्यवस्था सही नहीं पाये जाने पर महापौर मीनल चौबे ने अनुबंधित ठेकेदार को सफाई व्यवस्था सुधारने निर्देश दिये।


स्वीमिंग पूल के आसपास मिली गंदगी

सूत्रों के मुताबिक नगर निगम के जीई रोड स्थित अंतर्राष्ट्रीय स्वीमिंग पूल के गुणवत्ता को लेकर जन शिकायत मिलने पर श्री मूणत वस्तुस्थिति जानने पहुंचे वहां की साफ-सफाई को लेकर उन्होंने असंतोष व्यक्त किया। इसके बाद वे कला केन्द्र परिसर का निरीक्षण करने गये। श्री मूणत ने कहा कि शहर के विकास के लिए हम लगातार काम कर रहे हैं। सौंदर्यीकरण, खेल सुविधाएं और सार्वजनिक स्थानों को बेहतर बनाना हमारी प्राथमिकता है। इससे रायपुर को एक नया स्वरूप मिलेगा। महापौर मीनल चौबे ने इस मौके पर कहा कि शहरवासियों को अच्छी सुविधाएं मिले, इसके लिए नगर निगम पूरी मेहनत से काम कर रहा है। नई चौपाटी और स्वीमिंग पूल जैसे प्रोजेक्ट रायपुर को और बेहतर बनायेंगे।

निरीक्षण के दौरान लोककर्म विभाग अध्यक्ष दीपक जायसवाल, जोन 7 अध्यक्ष श्वेता विश्वकर्मा, पार्षद आनंद अग्रवाल,अपर आयुक्त यू.एस अग्रवाल, विनोद पांडे, अधीक्षण अभियंता यूके धलेंद्र, राजेश राठौर, जोन 5 कमिश्नर खीरसागर नायक, जोन 7 कमिश्नर राकेश शर्मा, कार्यपालन अभियंता अतुल चोपड़ा, अंशुल शर्मा जूनियर, ईश्वर लाल टावरे मौजूद रहे।

**अपेक्स बैंक के नवनियुक्त प्राधिकृत अधिकारी केदारनाथ गुप्ता का पदभार ग्रहण कार्यक्रम**

# साय ने कहा- सहकारिता को घर-घर तक पहुंचाने का कार्य कर रही सरकार

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा, हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और सहकारिता मंत्री अमित शाह के नेतृत्व में सहकार से समृद्धि की संकल्पना को साकार किया जा रहा है। उनकी प्रेरणा से प्रदेश के घर-घर को सहकारिता से जोड़ने का कार्य हमारी सरकार कर रही है। उन्होंने कहा, नवनियुक्त प्राधिकृत अधिकारी के नेतृत्व में प्रदेश में सहकारिता को और अधिक मजबूती मिलेगी। सहकारी गतिविधियों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से नेशनल डेयरी डेवलपमेंट बोर्ड के साथ मिलकर प्रदेश में दुग्ध उत्पादन को बढ़ावा दिया जा रहा है। हाल ही में हमने दुधारू पशु वितरण का शुभारंभ किया है, जिसके अंतर्गत पायलट प्रोजेक्ट के लिए प्रदेश के 6 जिलों का चयन कर हितग्राहियों को दो-दो दुधारू गाय वितरित की जा रही हैं।

मुख्यमंत्री राजधानी रायपुर के बलबीर सिंह जुनेजा इंडोर स्टेडियम में छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी बैंक मर्यादित के नवनियुक्त प्राधिकृत अधिकारी केदारनाथ गुप्ता के पदभार ग्रहण एवं अभिनंदन समारोह में शामिल हुए और उन्हें शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने जशपुर जिले के फरसाबहार में अपेक्स बैंक की नई शाखा का वर्चुअल शुभारंभ किया और क्षेत्रवासियों को बधाई दी। मुख्यमंत्री ने कहा, प्रदेश के किसानों और ग्रामीण जनों को बैंकिंग सुविधा उपलब्ध कराने की एक बड़ी पहल हमने इस वर्ष पंचायती राज दिवस से प्रारंभ की है। प्रदेश के 1460 ग्राम पंचायतों में अटल डिजिटल सुविधा केंद्र खोले गए हैं, जिसके माध्यम से ग्राम पंचायत भवन में ही बैंकिंग सुविधा मिल रही है। उन्होंने बताया कि अगले पंचायती राज दिवस तक यह सुविधा प्रदेश के सभी ग्राम पंचायतों में उपलब्ध हो जाएगी, जिससे किसानों को बड़ी राहत मिलेगी।



**सत्य साईं अस्पताल को 2.25 करोड़ की सहायता**

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की उपस्थिति में कार्यक्रम में मजगांव डॉक शिप बिल्डर्स लिमिटेड ने सीएसआर गतिविधियों के तहत राजधानी रायपुर के सत्य साईं हृदय चिकित्सालय को 2.25 करोड़ रुपए की सहायता राशि का चेक सौंपा। मुख्यमंत्री ने इस पुनीत कार्य के लिए मजगांव डॉक शिप बिल्डर्स लिमिटेड के प्रतिनिधियों का आभार व्यक्त किया।

### अपैक्स बैंक सबसे शक्तिशाली संगठन : डॉ. रमन

अपेक्स बैंक प्रदेश में 40 हजार करोड़ रुपए के टर्नओवर के साथ सबसे शक्तिशाली संगठन है और इसके माध्यम से अब तक 7 हजार 5 सौ करोड़ रुपए का ऋण किसानों को उपलब्ध कराया गया है। डॉ. सिंह ने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों से देश के हर एक नागरिक को बैंकिंग प्रणाली से जोड़ा गया और इसी का परिणाम है कि आज बिना किसी बिचौलिए के शत-प्रतिशत राशि सीधे हितग्राहियों के खाते में प्राप्त हो रही है। उन्होंने कहा, सहकारिता के क्षेत्र में अभी भी अपार संभावनाएं हैं और शत-प्रतिशत किसानों को सहकारिता और अपेक्स बैंक से जोड़ने का काम शीघ्र पूरा करने का आह्वान किया।

### किसानों को बिना ब्याज मिल रहा अल्पकालिक ऋण

मुख्यमंत्री ने विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह के मुख्यमंत्रित्व काल के दौरान सहकारिता के क्षेत्र में हुए बड़े बदलावों का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा, उस समय किसानों को अल्पकालिक ऋण के लिए भारी-भरकम ब्याज दर से मुक्ति दिलाई और ब्याज दरों को लगातार कम कर किसानों को राहत दी। अब किसानों को कृषि कार्यों के लिए बिना किसी ब्याज के अल्पकालिक ऋण उपलब्ध हो रहा है। मुख्यमंत्री ने फरसाबहार में अपेक्स बैंक की नई शाखा खुलने पर क्षेत्रवासियों को बधाई देते हुए कहा, अब किसानों को बैंकिंग सुविधा के लिए 50-60 किलोमीटर दूर पत्थलगांव नहीं जाना पड़ेगा।

### सहकारिता को अंतिम गांव तक पहुंचा रहे मुख्यमंत्री

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने छत्तीसगढ़ में सहकारिता का बीजारोपण करने वाले महान विभूतियों को पुण्य स्मरण करते हुए कहा, छत्तीसगढ़ में श्री वामनराव लाखे और ठाकुर प्यारेलाल जैसे पुरोधाओं ने सहकारिता की नींव रखी, जिसका विकसित स्वरूप आज हम सभी देख रहे हैं। यह वर्ष सहकारिता का अंतर्राष्ट्रीय वर्ष है, और केन्द्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह के प्रयासों से निश्चित रूप से इस क्षेत्र में चमत्कारिक परिवर्तन हो रहा है। उन्होंने कहा, मुख्यमंत्री के अथक प्रयासों से प्रदेश के किसानों के जीवन में खुशहाली आई है।

# आकाश के परिजन को अनुकंपा पर सरकार करेगी विचार

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

सुकमा में आईआईडी विस्फोट में शहीद हुए एएसपी आकाश राव गिरेपुंजे के परिजन को अनुकंपा नियुक्त देने पर सरकार विचार करेगी। बताया गया है, अनुकंपा नियुक्ति की प्रक्रिया शुरू होने से पहले नियमानुसार शासकीय औपचारिकत पूरी की जाएगी। इस काम में कुछ समय लगने की संभावना है।

उच्च पदस्थ पुलिस सूत्रों के अनुसार इस मामले में फिलहाल पुलिस सबसे पहले घटना स्थल पर जांच करने में जुटी है। मौके पर फोरेंसिक साइंस से संबंधित अधिकारी साक्ष्य एकत्र कर रहे हैं। इसके आधार पर एक रिपोर्ट तैयार की जाएगी। यह रिपोर्ट राज्य शासन को दी जाएगी। घटना का पूरा ब्योरा विधिवत सामने आने के बाद सरकार अनुकंपा नियुक्त देने के संबंध में प्रक्रिया को आगे बढ़ाएगी।

### परिजनों से होगी बात

बताया गया है कि अनुकंपा नियुक्ति देने से पहले शहीद के परिजनों से अनुकंपा नियुक्ति प्राप्त करने के संबंध में उनके विचार लिए जाएंगे। उनके पात्र परिजन अगर अनुकंपा नियुक्ति पाने के लिए राजी होते हैं, तो सरकार ये तय करेगी कि किस पद पर नियुक्ति दी जानी उचित होगा। उल्लेखनीय है कि इससे पूर्व में राजनांदगांव के पूर्व एसपी वीके चौबे, कांग्रेस नेता महेंद्र कर्मा, पुलिस अधिकारी भास्कर दीवान सहित कुछ अन्य शहीद पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों को सरकार नियमानुसार अनुकंपा नियुक्ति दे चुकी है, लेकिन फिलहाल सवाल ये है कि एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी के शहीद होने पर उनके परिजन को कौन सा पद दिया जा सकता है, इस बारे में बाद में स्थिति साफ होगी।

# बैज ने कहा- मोदी सरकार के 11 साल में देश की अर्थव्यवस्था हुई चौपट

रायपुर। मोदी सरकार के 11 साल पूरे होने पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने भाजपा सरकार पर हमला बोला। उन्होंने पीएम मोदी के 11 साल पूरे होने पर भाजपा के संकल्प से सिद्धि अभियान को लेकर कहा, भाजपा 11 साल की नाकाम उपलब्धियों का झूठ जनता को परोस रही है। मोदी जुमले की सरकार चला रहे हैं। 11 साल में मोदी सरकार हर क्षेत्र में विफल हुई। मोदी सरकार के 11 साल पर सवाल उठाते हुए कहा, देश की विकास दर 6 प्रतिशत से कम हुई है। मेक इन इंडिया फेक इन इंडिया साबित हुआ है। मोदी सरकार देश की अर्थव्यवस्था को डुबाने में लगी है। 11 साल में देश की अर्थव्यवस्था चौपट कर दी है। राजीव भवन में संवाददाताओं से चर्चा में उन्होंने कहा, मोदी सरकार ट्रिलियन इकॉनामी की बात करती है, यहां प्रति व्यक्ति आय में भारत कही नहीं है। हंगर इंडेक्स में भारत 105वें स्थान पर है।



# कैमिकल गोदाम में आग, गली संकरी होने की वजह से फायर कंट्रोल करने में हुई परेशानी

**स्टेशन रोड स्थित सत्कार गली में जहां आग लगी वह घनी आबादी वाला इलाका**

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर



गंज थाना क्षेत्र के स्टेशन रोड स्थित सत्कार गली में दो मंजिला कैमिकल गोदाम में आग लगने से हड़कंप मच गया। आग लगने की घटना सवा आठ से साढ़े आठ बजे के बीच की है। आग लगने का कारण अज्ञात है। देर रात फायर ब्रिगेड की चार गाड़ियों की मदद से आग पर काबू पाया जा सका। जहां आग लगी थी, वहां तक फायर ब्रिगेड की गाड़ी निकालने ड्राइवर को परेशानी का सामना करना पड़ा। इस वजह से आग पर काबू पाने घंटों मशक्कत करनी पड़ी।



पुलिस के अनुसार लक्ष्मी कैमिकल में आग लगने की घटना हुई। घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस, फायर ब्रिगेड, ए स डी आ र ए फ तथा नगर निगम के अ फ स र मौके पर पहुंच गए। आग से किसी तरह से बड़ी अनहोनी टालने एरिया की बिजली बंद की गई। मौके पर फायर ब्रिगेड की जो गाड़ियां आग पर काबू पाने पहुंची थीं, गाड़ी को गली से बाहर निकालने मोड़ने के लिए जगह नहीं मिल पा रही थी। इस वजह से फायर ब्रिगेड की गाड़ी को बैक कर निकालना पड़ रहा था। इसके अलावा गली के अंदर बने मकानों के आजू-बाजू छज्जा निकला हुआ था। इस वजह से गली के अंदर फायर ब्रिगेड की गाड़ी ले जाने में परेशानी हो रही थी। गोदाम के अंदर की दीवाल तथा दरवाजा तोड़ने जेसीबी की मदद लेने पड़ी।

# संवैधानिक हक के लिए 16 सामाजिक संगठनों ने एक साथ मिलकर दिया धरना

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

नवा रायपुर के तूता धरना स्थल पर बुधवार को संवैधानिक हक के लिए 16 सामाजिक संगठनों ने एक साथ मिलकर राज्य व्यापी धरना दिया। 10 सूत्रीय मांगों के प्रति शासन का ध्यान आकर्षित कराने बड़ी संख्या में दूरदराज से सर्व समाज के पदाधिकारी उपस्थित रहे। पदोन्नति में आरक्षण और 25 सालों से बैकलाग पदों पर भर्ती नहीं किये जाने से नाराज समाज जनों ने संवैधानिक अधिकारों की अनदेखी को लेकर जमकर नाराजगी जताई।

प्रदेश स्तरीय धरना में छत्तीसगढ़ अनुसूचित जाति, जनजाति, जनजाति अधिकारी कर्मचारी संघ अजाक्स, छत्तीसगढ़ अनुसूचित जाति जनजाति शासकीय सेवक विकास संघ, छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मंडल आरक्षित वर्ग अधिकारी कर्मचारी संघ एवं सोशल जस्टिस एंड लीगल फाउंडेशन छत्तीसगढ़ के संयुक्त तत्वावधान में विभिन्न अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति सामाजिक संगठन के पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित रहे।




### पदोन्नति के बिना रिटायर हो गये 30 से 40 हजार कर्मचारी

धरना प्रदर्शन में शामिल अनुसूचित जनजाति शासकीय सेवक विकास संघ के प्रांताध्यक्ष आरएन ध्रुव, अजाक्स के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. लक्ष्मण भारती का कहना है कि वर्ष 2019 से पदोन्नति में आरक्षण नहीं मिलने से प्रदेशभर में 30 से 40 हजार कर्मचारी बिना पदोन्नति के रिटायर हो गये। यही नहीं, आरक्षित श्रेणी के विरुद्ध अनारक्षित वर्ग के कर्मचारी, अधिकारी को पदोन्नति दे दी गयी। पदाधिकारी द्वय ने इस बात पर नाराजगी जताई है कि संवैधानिक प्रावधान का पालन नहीं किया गया है। पिछले 25 साल से पदोन्नति में बैकलाग भर्ती नहीं की गयी, जबकि 2 बार सुप्रीम कोर्ट ने इस संबंध में सरकार को आदेश भी दिया। इसके बाद भी पदोन्नति में आरक्षण नहीं दिया गया। एक तरह से यह दोहरा मापदंड अपनाया जा रहा है। छत्तीसगढ़ अजाक्स के प्रांतीय महासचिव पीएल महिपाल ने कहा कि आरक्षण रोस्टर का पालन कई विभागों में नहीं हो रहा है। इसके साथ ही जाति प्रमाणपत्र बनाने की प्रक्रिया का सरलीकरण किया जाना चाहिए।

**आधी रात बाद बहाल हो सकी विद्युत व्यवस्था**

# दोपहर तक विद्युत तारों से उलझी टहनियों को हटाने चलती रही कवायद

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

आधे घंटे की प्री-मानसूनी बारिश के बाद बाधित विद्युत व्यवस्था को बहाल होने में छह घंटे का वक्त लग गया। राहत अमला सुबह से दोपहर तक विभिन्न इलाकों में तारों से उलझी टहनियों और पेड़ों को हटाने मशक्कत करता रहा। बारिश से बिजली सप्लाई में कोई बड़ा फाल्ट तो नहीं आया, मगर छोटी शिकायतों का ढ़ेर लगा रहा। बिजली गुल होने से हलाकान लोग शिकायत नंबर पर ट्राई करते रहे, जो इंगेज रहा। कई इलाकों में बिजली दफ्तर में देर रात हंगामे के साथ धमकी-चमकी का दौर भी जारी रहा। मंगलवार शाम रायपुर में भारी बारिश हुई और इसका साइड इफेक्ट विद्युत व्यवस्था पर नजर आया। बारिश शुरू होने के साथ आधे शहर की बिजली गुल हुई, जो रात एक से दो बजे के बाद ही बहाल हो सकी। बारिश होने के बाद बनी उमस की स्थिति और गुल बिजली लोगों को हलाकान करती रही। बिजली गुल होने संबंधी शिकायतों के निराकरण के लिए विभागीय अफसरों और शिकायत नंबर पर कॉल जाते रहे, मगर नंबर इंगेज होने की वजह से लोगों के सब्र का बांध टूट गया। विभिन्न इलाकों के विद्युत कार्यालयों में लोगों की भीड़ जमा हो गई और जिम्मेदारों के नहीं मिलने पर छोटे कर्मचारियों पर गुस्सा उतारा गया। विद्युत विभाग के वितरण कंपनी के महाप्रबंधक भीम सिंह के मुताबिक विद्युत व्यवधान की वजह पेड़ों और टहनियों का तारों पर गिरने जैसी स्थानीय समस्या थी। आधी रात तक सभी शिकायतों को दूर कर विद्युत व्यवस्था को बहाल कर लिया गया। इसके बाद विद्युत विभाग का मरम्मत दल तारों से उलझे पेड़ों की टहनियों को हटाने के साथ टूटे तारों को जोड़ने का काम करता रहा।


आधे घंटे की बारिश में आधे शहर में ब्लैक आउट
जगह-जगह जाम, नालियां ओवरफ्लो, डीडीनगर, टिकरापारा में पेड़ गिरे

### महावीर नगर में विद्युत दफ्तर का घेराव

महावीर नगर और अमलीडीह इलाके में रात ढाई बजे के बाद विद्युत व्यवस्था बहाल हो सकी। यहां के स्थानीय लोग तेलीबांधा इलाके के विद्युत कार्यालय में पहुंचकर नाराजगी जताते रहे। शंकर नगर इलाके में कुछ इसी तरह की घटना हुई और चक्काजाम की चेतावनी के बाद राहत अमला सक्रिय हुआ और लाइट लौटी।

### टिकरापारा में दोपहर हटा पेड़

टिकरापारा के नूतन स्कूल के समीप पेड़ टूटकर बिजली तारों से उलझ गया था। अस्थायी माध्यम से बिजली रात एक बजे लौटी और तारों तथा पेड़ की टहनियों को बुधवार दो बजे के बाद अलग किया जा सका। इसी तरह शहर के विभिन्न इलाकों से छोटे-मोटे फाल्ट आज भी दूर किए जाते रहे।

### जिला अस्पताल समेत पंडरी की बिजली गुल

बारिश के दौरान जिला अस्पताल पंडरी की विद्युत व्यवस्था बाधित रही। लंबे समय तक विद्युत व्यवधान होने की वजह जनरेटर भी साथ छोड़ने लगा था। जिम्मेदार बिजली विभाग के अफसरों का फोन घनघनाते रहे। रात दो बजे के बाद बिजली लौटी। देवेन्द्र नगर और पंडरी इलाके में भी रात्रि एक बजे तक लाइट गुल रही।

# 7128 विद्यार्थियों ने पिछले सत्र में प्रौढ़ों को किया साक्षर, इस बार भी बोर्ड में 10 अंक बोनस

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

दसवीं-बारहवीं में पढ़ने वाले ऐसे विद्यार्थी जो किसी प्रौढ़ को साक्षर करेंगे, उन्हें 10 अंकों का बोनस प्रदान किया जाएगा। यह प्रावधान उल्लास नव भारत साक्षरकता कार्यक्रम के अंतर्गत बीते सत्र में किया गया था। अब शैक्षणिक सत्र 2025-26 में भी छात्रों को यह लाभ प्रदान किया जाएगा। गौरतलब है कि राष्ट्रीय साक्षरता मिशन का नाम परिवर्तन कर इसे उल्लास नव भारत साक्षरता कार्यक्रम कर दिया गया है। इसके अंतर्गत ऐसे प्रौढ़ जो विभिन्न कारणों से शिक्षा प्राप्त नहीं कर पाते हैं तथा पढ़ना-लिखना भी नहीं जानते हैं, उन्हें साक्षर किया जाता है। पूर्व में इस साक्षरता कार्यक्रम के लिए विभिन्न स्तरों पर प्रेरक नियुक्त किए गए थे। इन्हें निश्चित राशि भी प्रौढ़ों को प्रदान करने के बदले प्रदान की जाती थी। अब इसमें बदलाव कर दिया गया है। प्रेरक के स्थान पर स्वयंसेवी शिक्षक प्रौढ़ों को पढ़ाते हैं। स्वयंसेवी शिक्षक के रूप में हाईस्कूल व हायरसेकंडरी के छात्रों को भी पढ़ाने की पात्रता प्रदान की गई है। प्रौढ़ों को पढ़ाने वाले स्वयंसेवी शिक्षकों का सर्वे किया जाएगा।

इसके पश्चात निर्धारित पोर्टल पर इनकी एंट्री भी होगी। सर्वे के लिए जिले के मैदानी अमले की सहायता लेने कलेक्टर और जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को खत लिखा गया है।

## खबर संक्षेप



### शहडोल के लिए खरोरा के ग्रामीण हुए रवाना

**महासमुंद।** सन् 1997 से शहडोल जिला में अखंड दुर्गा चालीसा का पाठ का आयोजन किया जा रहा है। अखंड दुर्गा चालीसा माता भगवती आदिशक्ति जगत जननी जगदम्बा दुर्गा की साधना आराधना करते हुए भक्ति ज्ञान एवं आत्मशक्ति से परिपूर्ण नशापान व मांसाहार तथा भूख भ्रष्टाचार से मुक्त चरित्रवान, चेतनावान, सद्भावनापूर्ण, परोपकारी एवं पुरुषार्थी समाज का निर्माण कर मानवता की सेवा धर्मरक्षा एवं राष्ट्ररक्षा करना लक्ष्य है। ग्राम खरोरा के ग्रामीण 12 जून को शहडोल जिला के लिए रवाना हुए। भगवती मानव कल्याण संगठन महासमुंद जिला के अध्यक्ष रंजित चंद्राकर ने बताया कि अखंड दुर्गा चालीसा का पाठ 28 साल पूर्ण हो गया।

### आवेदन की अंतिम तिथि 30 तक बढ़ी

**महासमुंद।** भारत सरकार, श्रम एवं रोजगार मंत्रालय द्वारा ई-श्रम पोर्टल में पंजीकृत असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के लिए दुर्घटना के कारण मृत्यु या दिव्यांगता की स्थिति में एक्सग्रेशिया भुगतान योजना लागू की गई है। इस योजना के अंतर्गत पात्र श्रमिकों एवं उनके आश्रितों को 2 लाख रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। श्रम पदाधिकारी डीएन पात्र ने बताया कि इस योजना के तहत आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि को वृद्धि करते हुए अब 30 जून 2025 तक कर दिया गया है।

### शासकीय पॉलिटेक्निक में प्रवेश प्रक्रिया शुरू

**महासमुंद।** शासकीय पॉलिटेक्निक महासमुंद में सत्र 2025-26 के लिए प्रथम वर्ष और लैटरल एंट्री के माध्यम से प्रवेश के लिए पंजीयन प्रक्रिया 11 जून से शुरू हो रही है। यह जानकारी संस्थान के प्रवेश प्रभारी डॉ. लक्ष्मीकांत कराल ने बताय कि प्रथम चरण पंजीयनः 11 जून से 15 जून तक, प्रथम चरण आवंटन लिस्टः 20 जून, प्रथम चरण प्रवेशः 21 जून से 24 जून तक, द्वितीय चरण पंजीयनः 26 जून से 29 जून तक, द्वितीय चरण आवंटन लिस्टः 4 जुलाई, द्वितीय चरण प्रवेशः 5 जुलाई से 8 जुलाई तक, तृतीय चरण पंजीयनः 10 जुलाई से 13 जुलाई तक, तृतीय चरण आवंटन लिस्टः 18 जुलाई एवं तृतीय चरण प्रवेशः 19 जुलाई से 22 जुलाई तक निर्धारित है। शासकीय पॉलिटेक्निक महासमुंद में डिप्लोमा इंजीनियरिंग के चार ब्रांच संचालित हैं। इसमें सिविल, मैकेनिकल, इलेक्ट्रिकल, कंप्यूटर साइंस है। प्रत्येक ब्रांच में 30-30 सीटें उपलब्ध हैं। प्रवेश प्रक्रिया से संबंधित किसी भी जानकारी के लिए प्रवेश प्रभारी से संपर्क कर सकते हैं।



### जिला जेल में मनोसामाजिक परामर्श पर हुई कार्यशाला

**महासमुंद।** एनएचएम, राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत जिला जेल महासमुंद में बंदीय और स्टॉफ के साथ मनोसामाजिक परामर्श पर कार्यशाला आयोजित किया गया। बंदियों को आत्महत्या के लक्षण जैसे मन का उदास होना, नींद ना आना, गुस्सा करना अपने आपको नुकसान पहुंचना, नशा का आदि होना, आत्मविश्वास में कमी, रुचिगत कार्य में मन नहीं लगना, चिंता करना व्यवहार में परिवर्तन होना आदि। रोकथाम के उपाय बताए गए। इसमें अपना दैनिक दिनचर्या को ठीक रखे, आपसी समन्वय स्थापित करें, एक-दूसरे से वार्तालाप करें, हल्का व्यायाम करें, प्रतिदिन योगा अभ्यास करें, अपना स्वयं की सफाई करें, मोटिवेशन, मनोरंजन जैसे किताब पढ़े, खेल आदि का आनंद ले। इस दौरान पर जेल उप अधीक्षक मुकेश कुमार कुशवाहा, मेडिकल कॉलेज सह जिला अस्पताल महासमुंद से रामगोपाल खूंटे, खोमन लाल साहू आदि मौजूद रहे।

**निर्देश : पत्रकारों के साथ मारपीट करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने के निर्देश**

# पत्रकारिता लोकतंत्र का चौथा स्तंभ : विधायक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

गुरूवार की शाम राजिम रेस्ट हाऊस में एक पत्रकार वार्ता के दौरान विधायक रोहित साहू ने साफ-साफ कहा कि पत्रकारिता लोकतंत्र का चौथा स्तंभ है। पत्रकार साथी शासन की योजनाओं को आम जनता तक पहुंचाने का काम करते है। मै अपने राजनीतिक जीवन में प्रवेश करने के साथ ही पत्रकारो का बेहद सम्मान करता हूं। कहा कि राजिम क्षेत्र के पितईबंद घाट में पत्रकारो के साथ जो दुर्भाग्यजनक घटना हुई है इस घटना की मै निंदा करता हूं। ये घटना 9 जून को हुई जिसे एक पत्रकार साथी नीरज शर्मा ने मुझे बताया। चूंकि उस दिन जन्मदिन का उत्सव मनाने के लिए हजारो लोग पिपरछेड़ी निवास पहुंचे हुए थे। कथा कीर्तन का आयोजन भी हो रहा था जैसे ही मुझे इस घटना की जानकारी मिली मै कथा कीर्तन को पांच मिनट के लिए विराम दिया और तत्काल कलेक्टर, एसपी से बात कर पत्रकारों के साथ मारपीट करने वालो के विरूद्ध सख्त से सख्त कार्रवाई करने का निर्देश दिया। इसके तुरंत बाद जिले के अधिकारी तत्परता दिखाते हुए रेत घाट तक पहुंचे। पत्रकारों को सुरक्षित निकाला और चार आरोपियों की गिरफ्तारी कर जेल भेजा गया। विधायक श्री साहू ने कहा कि मै इस बात को पुनः दोहराता हूं कि राजिम क्षेत्र में अब दो नंबर के काम करने वालो की खैर नहीं है चाहे वह रेत उत्खनन का मामला हो, गांजा, शराब, जुआं सट्टा की बात हो, किसी भी हालत में यह नहीं चलेगा। इस संबंध में मैने 3 जून को अफसरों को चेताते हुए कहा था कि जितने भी अवैध रेत घाट चल रहे है सख्ती के साथ कार्रवाई होनी चाहिए। अफसरो ने रात 2 बजे तक जागकर 9 हाइवा और चैन माऊंटेन मशीन की जप्ती बनाई जो 5 जून के अखबारो की सुर्खिया बनी। अफसरों से मैने साफ कह दिया है कि किसी भी तरह के अवैधानिक कार्य राजिम क्षेत्र में नहीं होनी चाहिए। आज भी मै इस बात को अधिकारियों से कहना चाह रहा हूं। पत्रकार वार्ता के दौरान विधायक श्री साहू ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार पारदर्शिता की सरकार है। पहले से चली आ रही अवैध कार्यो और कारनामों पर रोक लगाया है। बताया कि मेरे दबाव के बाद 2024-25 में 210 अवैध रेत परिवहन का मामला बनाकर 56 लाख 58 हजार सौ रूपए से दंडित किया गया। अवैध उत्खनन के 18 प्रकरण में 11 लाख 77 हजार पांच सौ रूपए की राशि जुर्माना किया गया। अभी 2025-26 में 38 परिवहन प्रकरण में 9 लाख 6 सौ रूपए का दंड लगाया गया और 6 अवैध उत्खनन के मामले में 6 लाख 58 हजार रूपए से दंडित किया गया।

**अवैध काम करने वालों के ऊपर होगी सख्त कार्रवाई-** हमने पहले से चला आ रहा रेत के अवैध उत्खनन के मामला में कठोर कार्रवाई करने का निर्णय लिया है। जहां से शिकायत आती है या जो लोग संलिप्त पाए जाते है उस पर कड़ी कार्रवाई करने का निर्देश हमने अफसरों को दिया है। मीडिया में अनर्गल बाते जो वायरल की जा रही है ऐसे लोग अपने स्वार्थ और लाभ के लिए बयान दे रहे है। कहा कि पत्रकारों के साथ हरगिज अन्याय नहीं होने देंगे, गलत करने वालों के ऊपर सख्त से सख्त कार्रवाई होगी। सरकार को बदनाम करने का जो प्रयास कर रहे है वह विपक्षियों की चाल है। वे राजिम क्षेत्र में हो रहे विकास को देखकर पचा नहीं पा रहे है। कहा कि यदि हमारे खिलाफ कोई प्रमाण है तो उसे ठोस सबूत के साथ सामने रखिए। राजिम क्षेत्र में यहां के साथी स्वस्थ पत्रकारिता करते है। गलत कार्यो का पर्दाफाश करते है जो स्वागत योग्य है। मै हमेशा पत्रकारों के साथ हूं।

**मै पत्रकार साथियों के साथ हूं अन्याय नहीं होने दूंगा**



### अवैध काम को कतई बर्दास्त नहीं

विधायक श्री साहू ने कहा कि अवैध काम को वे कतई बर्दास्त नहीं करेंगे। यदि अधिकारी हीला हवाला करेगा तो उन्ही के ऊपर कार्रवाई कराने के लिए हम बाध्य हो जाएंगे। उम्मीद है कि विधायक के कड़े रूख को देखते हुए आगे अब अवैध रेत उत्खनन के काम पर रोक लग जाएगा। पत्रकार वार्ता के दौरान जिला पंचायत के पूर्व सदस्य वरिष्ठ भाजपा नेता चंद्रशेखर साहू, जनपद उपाध्यक्ष सतीश यादव सहित राजिम ,नवापारा, फिंगेश्वर, छुइहा बेलर के पत्रकार मौजूद थे।





### राजस्व मंत्री टंकराम से भाजपा नेता देवांगन ने मुलाकात की

**नवापारा-राजिम।** मंत्री टंकराम वर्मा को जन्मदिन की बधाई देने नवापारा के युवा भाजपा नेता किशोर देवांगन रायपुर स्थित निवास पहुंचकर गुलदस्ता भेंटकर जन्मदिवस की बधाई दी। कहा कि उनके कुशल नेतृत्व में उनके संबद्ध विभाग लगातार बेहतर कार्य करते हुए छत्तीसगढ़ के विकास में अपनी भूमिका का निर्वहन कर रहे हैं और निश्चित तौर पर आगे भी यह क्रम जारी रहेगा।

## नपाध्यक्ष निखिलकांत साहू ने कराई फिल्टर प्लांट की सफाई

### शहरवासियों को स्वच्छ जल उपलब्ध कराने मानसून पूर्व संयंत्र की सफाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शहरवासियों को स्वच्छ जल प्रदान करने की दिशा में नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू लगातार प्रयासरत हैं। शहरवासियों की समस्याएं तथा वार्डों में व्याप्त समस्याओं का वे वार्ड भ्रमण कर निराकरण भी करते हैं। नपाध्यक्ष साहू ने बेलसोंडा स्थित फिल्टर प्लांट का निरीक्षण कर जल संयंत्र की सफाई के निर्देश दिए। पश्चात तत्काल जल प्रभारी द्वारा टीम भेजकर नपाध्यक्ष की उपस्थिति में सफाई कार्य शुरू कराया। लगातार घंटों की मेहनत के बाद बड़ी मात्रा में प्लांट से गंदगी, सिल्ट निकाला गया। नपाध्यक्ष ने कहा कि जल संयंत्र के लिए आवश्यक मात्रा में एलम, सफाई उपकरण व दवाओं की उपलब्धता अभी से कर लें। आगामी मानसून सीजन में गंदे पानी सप्लाई की शिकायत नहीं मिलनी चाहिए। उन्होंने कहा कि लंबे समय से सफाई नहीं होने के कारण फिल्टर प्लांट में काफी मात्रा में शिष्ट जमा हो गया था। लोक स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए इसकी सफाई करना आवश्यक था। सफाई होने से आगामी मानसून सीजन में गंदे पानी की शिकायत नहीं मिलेगी। उन्होंने कहा कि शहरवासियों को मूलभूत सुविधाएं, स्वच्छ जल प्रदान करना पालिका की पहली प्राथमिकता है। उन्होंने कर्मचारियों को समय-समय पर प्लांट के मशीनों की जांच, आवश्यक मरम्मत, सफाई करते रहने निर्देशित किया। इस अवसर पर पालिका के कर्मचारी, अधिकारी प्रमुख रूप से उपस्थित थे।



## शिवाजी जन-जन के नायक : तिलक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

हिंदवी साम्राज्य की स्थापना करने वाले छत्रपति शिवाजी महाराज जन-जन के नायक हैं, लेकिन उनके नायक उनकी माता जीजाबाई थी, जिन्होंने बचपन से ही शिवाजी को रामायण और महाभारत की शिक्षा दी। शिवाजी महाराज का राज्याभिषेक के साथ ही हिन्दवी साम्राज्य स्थापित हुआ। भगवा के अनन्य उपासक शिवाजी रणनीति, कूटनीति में पारंगत होने के साथ भ्रष्टाचार निषेधक और हिंदुओं की घर वापसी के समर्थक थे।

उक्त विचार थे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ केशव प्रभात शाखा में आयोजित हिंदू साम्राज्य दिनोत्सव कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भारत स्वाभिमान मंच के जिला संयोजक तिलक साव के। उन्होंने कहा कि शिवाजी महाराज का राज्याभिषेक, संपूर्ण हिंदू राष्ट्र के लिये एक संदेश था कि यह विजय का रास्ता है। इस पर चलो। शिवाजी एक ऐसे राजनेता थे, जिन्होंने देश की एकता और अखंडता की रक्षा के लिए हर प्रकार से खुद को योग्य बनाया। शिवाजी महाराज के राज्याभिषेक के बाद सबको भरोसा हो गया। फिर से कोई हिंदू समाज, हिंदू धर्म, हिंदू संस्कृति, हिंदू राष्ट्र को प्रगति पथ पर अग्रसर कर सकता है तो वह है शिवाजी महाराज।

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ महासमुंद जिला के सामाजिक समरसता प्रमुख गोवर्धन प्रधान ने कहा कि छत्रपति शिवाजी महाराज का राज्याभिषेक होना यह केवल शिवाजी के विजय की बात नहीं है, अपितु समस्त हिंदू समाज का विजय है। शिवाजी महाराज के राज्याभिषेक के समय तक इस देश के धर्म, संस्कृति व समाज का संरक्षण कर हिंदू राष्ट्र की सर्वांगीण उन्नति करने के जो प्रयास चले थे, वे बार-बार विफल हो रहे थे। प्रयोग चले, राजा लड़ रहे थे, विभिन्न प्रकार की रणनीति का प्रयोग कर रहे थे, संत लोग समाज में एकता लाने के, उनको एकत्र रखने के, उनकी श्रद्धाओं को बनाये रखने के लिए अनेक प्रकार के प्रयोग चला रहे थे। कुछ सफल हुए, कुछ पूर्ण विफल हुए लेकिन जो सफलता समाज को चाहिये थी वह कहीं दिख नहीं रही थी। इन सारे प्रयोगों के प्रयासों की अंतिम सफल परिणति शिवाजी महाराज का राज्याभिषेक है। यह केवल शिवाजी महाराज की विजय नहीं है। लडने वाले हिंदू राष्ट्र की अपने शत्रुओं पर विजय है। शिवाजी ने सही मायने में हिन्दवी स्वराज की स्थापना की। उन्होंने कहा कि शिवाजी का राज्याभिषेक ज्येष्ठ शुक्ल त्रयोदशी विक्रम संवत 1731 (6 जून 1674) के दिन रायगढ़ के किले पर हुआ था। शिवाजी को छत्रपति बनाने में माता जीजाबाई के संस्कार और गुरु समर्थ रामदास की शिक्षा का विशेष योगदान रहा। इस अवसर पर छत्रपति शिवाजी द्वारा आमेर के महाराजा जयसिंह को लिखे पत्र ऐतिहासिक पत्र का वाचन जिला सम्पर्क प्रमुख खगेंद्र तारक द्वारा किया गया। साहस और दृढ़ता से भरे इस पत्र में शिवाजी की दूरदर्शिता और राजनीतिक कौशल स्पष्ट रूप से दिखाई देते हैं। कार्यक्रम का प्रारंभ सुभाषित, अमृत वचन व गीत के साथ हुआ। इस अवसर पर जिला संघचालक महेश चंद्राकर, नगर संचालक भूपेंद्र राठौड़, छत्तीसगढ़ प्रांत के सहकार्यवाह घनश्याम सोनी सहित केशव प्रभात शाखा के स्वयंसेवक के बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। उक्ताशय की जानकारी केशव प्रभात शाखा की ओर से स्वयंसेवक चंद्रशेखर साहू ने दी।



## मूत्र रोग एवं पथरी प्रोस्टेट का परामर्श एवं ऑपरेशन शिविर आज अग्रवाल नर्सिंग होम में



**बसना।** अग्रवाल नर्सिंग होम बसना में 13 जून को मूत्र एवं पथरी रोग संबंधित ऑपरेशन शिविर का आयोजन रखा गया है। जिसमें किडनी, पथरी, प्रोस्टेट का समुचित जांच, इलाज एवं सर्जरी लेजर एवम दूरबीन द्वारा किए जाएंगे। किडनी में सूजन, पथरी एवं सिकुडन का इलाज पुरुषों में बाँझपन एवं नपुंसकता का उपचार, मूत्रकोष का संक्रमण एवं मूत्र नली का सिकुडन किडनी, प्रोस्टेट, टेस्टिस के कैंसर पेशाब का रुक रुक कर आना, लीक करना या खून आने का उपचार, पीडियाट्रिक यूरोलॉजी की सेवाएं इमरजेंसी यूरोलॉजी की सेवाएं, ट्रामा से लेकर किडनी में यूरिन ब्लॉकेज तक सभी का आपरेशन एवम परामर्श डॉ. तुषार दानी एमबीबीएस, एमएस, डीएनबी यूरो सर्जन 13 जून को अग्रवाल नर्सिंग होम बसना में करेंगे।

## जिले में बाल श्रम की किसी भी गतिविधि को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा : कलेक्टर

**महासमुंद।** अंतरराष्ट्रीय बाल श्रम निषेध दिवस पर कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में बाल श्रम उन्मूलन को लेकर संबंधित विभागीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। बैठक में श्रम विभाग, महिला एवं बाल विकास, शिक्षा विभाग, पुलिस प्रशासन सहित बाल श्रम न्यायालय, जिला बाल संरक्षण इकाई, चैंबर ऑफ कॉमर्स, व्यवसायी संघ के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

कलेक्टर लंगेह ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिले में किसी भी प्रकार से बाल श्रम की गतिविधियों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि बच्चों का बचपन शिक्षा, सुरक्षा और संरक्षण में बीते, यह हम सभी की प्राथमिक जिम्मेदारी है। उन्होंने संयुक्त जांच दल द्वारा होटल, ढाबा, निर्माण स्थलों, दुकानों एवं अन्य संभावित स्थलों पर निरीक्षण करने के निर्देश दिए। साथ ही सभी विकासखंडों में बाल श्रम विरोधी रैली, पोस्टर प्रदर्शन, रैली एवं स्कूलों में विशेष सत्र आयोजित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने बाल संरक्षण समिति की बैठक हर माह आयोजित कर समीक्षा करने कहा है। कलेक्टर ने कहा कि लंबे समय से स्कूलों में अनुपस्थित बच्चों को स्कूलों में पुनः प्रवेश सुनिश्चित किया जाएगा।

## सावित्रीपुर में हुई संकुल स्तरीय विशेष बैठक

**सांकरा।** पिथौरा ब्लाक के संकुल केंद्र सावित्रीपुर के अंतर्गत विद्यालयों के प्रधान पाठकों और शिक्षकों की बैठक संकुल के नोडल प्राचार्य प्रसाद सिदार की अध्यक्षता एवं संकुल समन्वयक पीएल चौधरी की उपस्थिति में संकुल केंद्र सावित्रीपुर में हुई। बैठक में सर्वप्रथम नवपदस्थ शिक्षकों का पुष्प गुच्छ गुलाल से स्वागत किया गया। साथ ही इस बैठक में विभिन्न जानकारियां दी गई। इसमें शाला प्रवेश उत्सव की तैयारी, गणवेश, पाठ्यपुस्तक वितरण, टीवीसी ऐप का पंजीयन सह प्रशिक्षण, पीएफएम एस की राशि का समुचित उपयोग, इको क्लब के तहत पौधारोपण, संरक्षण रखरखाव ,यू डाइस में विद्यार्थियों का अपग्रेडेशन पूर्ण करने, शौचालय की साफ सफाई एवं पेयजल की जांच, किचन शेड मरम्मत, साफ सफाई, एमडीएम चावल की सफाई, बरसात पूर्व रखरखाव, एमडीएम संचालन की समिति आवश्यक बैठक लेकर दिशा निर्देश देना, समय पर शिक्षकों की उपस्थिति, बिना अनुमति बीईओ ऑफिस न जाने, शाला विकास समिति की बैठक लेकर आगामी तीन माह का प्लान तैयार करने एवं पुनर्गठन का भी निर्देश दिया गया। इस संदर्भ में नोडल प्राचार्य ने आवश्यक सभी पंजीयो का संधारण एवं उचित रखरखाव का निर्देश दिया। वार्षिक कैलेंडर बनाकर शत प्रतिशत प्रवेश लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए पालको से संपर्क करना, शाला समय 16 जून से 10 से 4 तक सुनिश्चित करने का प्रधान पाठक को ध्यान देने को कहा गया। शाला में भ्रमण पंजी, अवकाश पंजी संधारित करने के लिए अनिवार्य रूप से शिक्षक डायरी का संधारण करने के साथ आरंभ से ही विद्यार्थी विकास सूचकांक तैयार किया जाने बाबत प्रयास पर जोर दिया गया। अपार ईडी के लिए नव प्रविष्ट छात्रों का आधार कार्ड का मिलान अवश्य करने का निर्देश दिया गया। जाति प्रमाण पत्र की जानकारी के लिए प्रभारी नियुक्त करने एवं शुरू से आवश्यक दस्तावेज मांगने के निर्देश दिए गए। दिव्यांग छात्रों की समस्त जानकारी बैंक खाता प्रमाण पत्र आदि की जानकारी अपडेट रखने के लिए, शाला भवन की स्थिति, मरम्मत संबंधी जानकारी की समीक्षा, छात्रवृत्ति रजिस्टर का संधारण। विगत सत्र 2025 के पीएमएस राशि के उपयोग एवं कैश बुक आदि पूर्णता करने के संबंधी बैठक में जानकारी दी गई। दर्ज संख्या की जानकारी लक्ष्य पहली, छठवीं, नवमी तक एवं अन्य संकुल स्तरीय गतिविधियों पर चर्चा की गई। बैठक में विजय कुमार मिरि प्रधान पाठक भजपुरी, हेमराज साहू, हेमराज यादव, हेमंत कुमार कर, रमेश पटेल, धर्मेंद्र कुमार बारमते, महेंद्र कुमार तांडी, धरणीधर आदि मौजूद रहे।



पेज 11 के शेष...

### 108 कलशों के जल...

आगामी 15 दिनों तक श्रद्धालुओं के लिए बंद रहेंगे। भगवान को औषधीय काढ़ा दिया जाएगा और उन्हें पूर्ण विश्राम कराया जाएगा। इस काल में सार्वजनिक दर्शन और पूजन वर्जित होता है।

**भव्य रथ यात्रा का आयोजन 27 जून को-** भगवान के स्वास्थ्य लाभ के पश्चात 26 जून को उन्हें 'नव यौवन वेश' में सजाया जाएगा। इसके अगले दिन, 27 जून को गरियाबंद नगर में परंपरागत श्री जगन्नाथ रथ यात्रा निकाली जाएगी। भगवान रथ पर सवार होकर मौसी के घर (गुंडीचा मंदिर) जाएंगे।

**विशेष तैयारियां और श्रद्धालुओं की उमड़ती भीड़ की संभावना-** रथयात्रा के आयोजन की कमान इस बार भी श्री जगन्नाथ परिवार युवा बल समिति ने संभाली है। आयोजकों के अनुसार भगवान का विशेष रथ समीपवर्ती ग्राम में तैयार किया जा रहा है। रथ यात्रा में आकर्षक झांकियां, डीजे और विशेष लाइटिंग की व्यवस्था रहेगी। जिलेभर से हजारों श्रद्धालुओं की उपस्थिति की संभावना को देखते हुए प्रशासन द्वारा सुरक्षा और यातायात व्यवस्था के लिए विशेष इंतजाम किए जा रहे हैं। इस धार्मिक आयोजन में स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं विशेष अतिथि शामिल होंगे। आयोजकों ने श्रद्धालुओं से रथ यात्रा में भाग लेकर पुण्य लाभ अर्जित करने की अपील की है।

### आरोपियों से 70 अवैध...

अधिकारी मुकेश कुमार अग्रवाल के नेतृत्व में की गई। वृत्त देवभोग अंतर्गत ग्राम अमलीपदर के समीप छैरा-चिखली रोड से लगे जंगल में संभावित शराब निर्माण स्थलों पर दबिश दी गई। जांच के दौरान जंगल में अलग-अलग स्थानों पर छिपाकर रखी गई कच्ची मदिरा बरामद की गई। अज्ञात आरोपी के विरुद्ध छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम 2015 (संशोधित 2021) की धारा 34(2) के तहत प्रकरण दर्ज कर लिया गया है। मामले की विवेचना जारी है और आरोपी की तलाश की जा रही है। इस कार्रवाई में सहायक जिला आबकारी अधिकारी विशेश्वर साव, आबकारी उपनिरीक्षक कन्हैया लाल कुर्रे, नागेशराज श्रीवास्तव, आबकारी आरक्षक महेश साहू, जय प्रकाश बंधे, पीतांबर चौधरी, नगर सैनिक मनीष कश्यप, संजय नेताम, महिला नगर सैनिक हेमबाई साहू एवं गोवर्धन सिन्हा की विशेष भूमिका रही।

# आवास पूरा करने पर डूमरपीटा पंचायत की महिला सरपंच दे रहीं मुफ्त पंखा

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

हितग्राहियों से प्रधानमंत्री आवास पूर्ण कराने डूमरपीटा पंचायत की महिला सरपंच का अनूठा पहल, बारिश से पहले पूर्ण कर गृह प्रवेश करने वालों हितग्राहियों को पंखा भेंट करेंगी। वहीं 6 हितग्राहियों को पंखा भेंट कर पहल की शुरुआत की। निर्माण के लिए मटेरियल से लेकर मिस्त्री तक उपलब्ध कराने में कर रहे मदद ताकि प्रगति दिखे और प्रतीक्षारत हितग्राहियों को जल्द योजना का लाभ मिले, प्रधानमंत्री आवास को पूर्ण कराने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने पूरी प्रशासनिक अमला को लगा दिया है। प्रति सप्ताह इसकी प्रगति की रिपोर्ट ली जा रही है, जिला से लेकर ब्लॉक के अफसर घर घर दस्तक दे रहे हैं

## पीएम आवास का काम जल्द पूरा कराने अच्छी पहल मकान

### सीईओ बोले- अनुकरणीय पहल

जनपद सीईओ बोले अनुकरणीय, प्रगति आएगी मामले जनपद सीईओ रवि सोनवानी ने कहा कि डूमरपीटा महिला सरपंच की यह पहल अनुकरणीय है। प्रशासन प्रगति लाने प्रयासरत है। सरपंच के इस पहल से पंचायत के काम में प्रगति दिखेगी। उन्होंने बताया कि आज आवास योजना में प्रगति लाने बैठक रखी गई थी, सरपंच की इस पहल को सराहना किया गया। एसडीएम तुलसी दास मरकाम द्वारा इसी बैठक में 20 प्रतिशत से कम प्रगति दिखाने वाले 22 पंचायत सचिव और 19 रोजगार सहायक को शो काज नोटिस थमाया है।



### बारिश में दिक्कतों से बचेंगे

एमए, बीएड की डिग्री और मास्टर की नौकरी छोड़ कर एसटी कोटे से सरपंच बनी रोशनी देवभोग ब्लॉक की सबसे ज्यादा पढ़ी लिखी सरपंच की गिनती के पहले नंबर पर आती है। उन्होंने कहा कि थोड़ी सी मदद से अगर काम में गति आ जाए तो अपने पंचायत के लिए यह गर्व की बात होगी।तीन दिन पहले तक 20 प्रतिशत की प्रगति थी बढ़ कर अब 24 प्रतिशत की श्रेणी में आ गया है।सरपंच ने बताया कि उनके पंचायत में 149 आवास मंजूर है, 37 पूर्ण हो चुके हैं, 66 के कार्य प्रगति पर आ गए अब अप्रारंभ 46 आवास को प्रारंभ कराने का लक्ष्य लेकर चल रही है।उन्होंने कहा कि आवास पल्स में 81 और आवास पल्स 2 सर्वे में 300 से ज्यादा लोग पीएम आवास योजना का लाभ लेने लाइन पर हैं।

इस बीच आवास निर्माण के लक्ष्य को जल्द पुरा कराने डूमरपीटा की महिला सरपंच रोशनी प्रधान ने अनूठा पहल किया है। सोमवार को गांव के चौराहे में उन 6 हितग्राहियों को बुलाकर सम्मानित किया जिन्होंने आवास पूर्ण कर लिया था, सम्मान के साथ ही उन्हें एक एक स्टेंड फैन भी भेंट कर रही हैं। साथ ही उन्होंने ऐलान करा दिया कि बारिश के पहले आवास को पूर्ण करने वाले सभी हित ग्राहियों को एक एक पंखा भेंट करेंगी। निर्माण में आने वाले दिक्कतों को हल करने हितग्राही की पूरी मदद करेंगी। राज मिस्त्री हो या रेत की समस्या या फिर पानी की किल्लत हो इन समस्याओं को दूर कराने वे तत्पर रहेंगी। सरपंच ने ईंट और पंखे का खर्च किसी मद से नहीं बल्कि स्वयं के व्यय पर कर रही।

## खबर संक्षेप



### किसान कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष बने यशपेन्द्र

**छुरा।** किसान कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अभिषेक मिश्रा ने प्रदेश पदाधिकारी की सूची जारी किया गया है। जिसमें किसान कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष यशपेन्द्र शाह, अवध राम साहू एवं प्रदेश सचिव रमेश शर्मा, देव सिंह रात्रे एवं सालिक राम ठाकुर को मनाया गया है। सभी ने अपनी नियुक्ति के लिए राष्ट्रीय, प्रदेश पदाधिकारी के प्रति आभार व्यक्त किया है और कहां की छत्तीसगढ़ में किसान के हित में अधिक कार्य किया जाना है एवं वर्तमान में किसानों को काफी परेशानी हो रही है इन सभी विषयों को लेकर जनता तक जाना है, इनकी नियुक्ति पर स्थानिय कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने बधाई दी है। प्रमुख रूप से बाल मुकुंद मिश्रा अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी, नथमल शर्मा, अशोक दीक्षित, नियाज अली, समद खान, समीम बाबा, सलीम मेमन, मन्नू चौहान, चमन साहू, पंच राम, डॉ. योगेन्द्र चन्द्राकर, भानू वर्मा, थानू राम, नंद देवांगन, राम लाल, बुढ़ान, गंगा राम, ईशवर ठाकुर सहित सभी पार्षद गण, सभी वरिष्ठ कांग्रेसी कार्यकर्ता गण, महामंत्री प्रहलाद यदु एवं पार्षद हरिश यादव हैं।

### क्रिकेट स्पर्धा में रवेली प्रथम



**मुड़ागांव(कोरासी)।** ग्राम अमेठी में दस दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता देव शिवम्-क्रिकेट क्लब के द्वारा आयोजन किया गया। जिसमें बहुत से टीमों ने भाग लिया और फाइनल मुकाबला रवेली एवं देवगांव के मध्य खेला गया जिसमें शानदार प्रदर्शन करते हुए रवेली ने प्रथम स्थान प्राप्त किया और देवगांव दूसरे स्थान तृतीय स्थान अमेठी और चतुर्थ स्थान बिनौरी विजेता रहा। समापन समारोह में प्रमुख अतिथि के रूप में पालेन्द्र साहू महामंत्री भाजपा मंडल खड़मा अध्यक्षता कर रहे पुष्पा लता सिन्हा, जनपद सदस्य विशेष अतिथि सरंपच अमेठी, निर्मला ताराचंद, बरिहा सरंपच थनेश्वर ध्रुव, साजापाली राजकुमार ध्रुव, नेमसिंह दीवान, भेख लाल साहू भुषण दीवान लेख दीवान रामशरण दीवान उपसरपंच साधु रामजी और सभी ग्राम प्रमुख के अतिथि में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के संचालक वेद दीवान देवा शिवम्-क्रिकेट क्लब अमेठी नितेश दीवान, पुष्पेन्द्र पटेल, पंकज दीवान, रोहित पटेल, गोपाल पटेल, टीकेश दीवान, दीपक टंटन, खेमचंद दीवान, डायमन दीवान, चित्रसेन दीवान, सोमन दीवान, टीकम यादव सभी खिलाड़ियों के विशेष सहयोग से सम्पन्न हुआ।

### 2 साल से बंद पड़ी जेसीबी की नपाध्यक्ष ने कराई मरम्मत

**महासमुंद।** पिछले 2 साल से खराब पड़े जेसीबी मशीन की मरम्मत कराकर नगर पालिका अध्यक्ष ने शहर के आवश्यक कार्यों के लिए लगाया। उन्होंने बताया कि यह मशीन 2 साल से बंद पड़ी थी। मरम्मत होने से निर्माण कार्यों तथा सफाई कार्य में इसका उपयोग होगा।

## घेराव : बीईओं कार्यालय घेराव के दौरान पुलिस और कांग्रेसियों के बीच हुई धक्का- मुक्की

# युक्तियुक्तकरण के विरोध में कांग्रेस की जंगी रैली, बीईओ कार्यालय घेराव

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

तहसील मुख्यालय मैनपुर नगर में आज गुरूवार दोपहर को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मैनपुर द्वारा जंगी रैली निकाल नारेबाजी करते विकासखण्ड शिक्षा कार्यालय का घेराव करने पहुंची। इस दौरान पुलिस द्वारा कांग्रेसियों को रोका गया तो कांग्रेसियों और पुलिस में धक्का मुक्की देखने को मिली। कांग्रेसी नारेबाजी करते हुए पहले बेरीकेट को तोड बीईओं कार्यालय का परिसर का बढा। गेट को पार कर भीतर पहुंच गए। इससे पहले कार्यालय में प्रवेश करते पुलिस बीईओं कार्यालय मुख्य ऑफिस गेट पर ताला जड दिया तो कांग्रेसियों ने कार्यालय के सामने बैठकर जमकर नारेबाजी करते हुए धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। इस दौरान बिन्द्रानवागढ विधायक जनक ध्रुव, जिला पंचायत सदस्य संजय नेताम, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष मैनपुर रामकृष्ण ध्रुव, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अमलीपदर ललिता यादव, महामंत्री गेंदु यादव विशेष रूप से उपस्थित थे। आयोजित धरना प्रदर्शन को संबोधित करते हुए बिन्द्रानवागढ विधायक जनक ध्रुव ने आरोप लगाते हुए कहा कि छत्तीसगढ के भाजपा सरकार 10663 स्कूलों को बंद कर दुसरे में मर्ज कर दिया है जबकि दर्जनों नई शराब दुकान खोली जा रही है, श्री धुरव ने आगे कहा कि प्रदेश कांग्रेस के निर्देश पर ब्लॉक कांग्रेस द्वारा आज शिक्षा न्याय यात्र के तहत विकासखण्ड शिक्षा कार्यालय का घेराव करने पहुचे है छत्तीसगढ में भाजपा सरकार स्कूलों को बंद कर व्यवसायीकरण करने में लगी हुई है, आदिवासी अंचलो में पढने वालो बच्चो को इसका सबसे ज्यादा खामियाजा उठाना पड रहा है।



### 0 33 हजार शिक्षकों की भर्ती अब तक नहीं

जिला पंचायत सदस्य संजय नेताम ने कहा कि प्रदेश में युक्तियुक्तकरण के विरोध में आज हम लोग यहां कार्यालय का घेराव करने पहुचे है भाजपा सरकार स्कूलों को बंद कर रही है और शराब दुकान खोल रही है, चुनाव से पहले तत्कालीन शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने 33 हजार शिक्षकों की भर्ती करने की बात कही थी अब भर्ती नहीं कर रही है। श्री नेताम ने कहा कि आदिवासी क्षेत्र में स्कूल बंद हो जाने से गरीब बच्चे पढ़ने कहा जायेंगे मंत्री विधायक और बड़े अफसरों के बच्चे प्राईवेंट स्कूलों में बढते है कम से कम सरकारी स्कूलों को तो भाजपा सरकार गरीबों के लिए छोडे। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रामकृष्ण ध्रुव ने कहा कि दूरस्थ वनांचल क्षेत्रों में इसका भारी असर देखने को मिल रहा है युक्तियुक्तकरण से लोगो में आक्रोश है मैनपुर पहाड़ी क्षेत्र में 10 किलोमीटर 12 किलोमीटर में प्राथमिक शाला है यदि वो बंद हो जायेगा तो बच्चे कहा जायेंगे क्षेत्र के स्कूलों में पहले से भवन व अन्य सुविधाए नहीं है। कार्यक्रम का संचालन महामंत्री गेंदु यादव ने किया।

### ये रहे शामिल

धरना प्रदर्शन जंगी रैली में बिन्द्रानवागढ विधायक जनक ध्रुव, जिला पंचायत सदस्य संजय नेताम, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रामकृष्ण ध्रुव, ललिता यादव, महामंत्री गेंदु यादव, महामंत्री नेयाल नेताम, भुमिलता यादव, भूमिकांती, चंदा बारले, महिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रियंका कपील, युवा कांग्रेस अध्यक्ष सोहन नागेश, तनवीर राजपुत, पुरन मेश्राम, शाहिद मेमन, विरेन्द्र श्रीवास्तव, भानू सिन्हा, भुनेश्वर नेगी, नजीब बेग, गुंजेश कपील, लिकेश यादव, सामंत शर्मा, गज्जु यादव, रोहन मरकाम, नंदकिशोर पटेल, गजेन्द्र नेगी, पवन जगत, पारेश्वर नेगी सहित सैकडों की संख्या में कांग्रेसी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## युक्तियुक्तकरण नीति के विरोध में कांग्रेस का प्रदर्शन



हरिभूमि न्यूज ⏭ अभनपुर

छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार द्वारा शिक्षा विभाग में लाए गए युक्तियुक्तकरण की नीति के विरोध में गुरुवार को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अभनपुर ने एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन किया। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने अभनपुर के बीईओ कार्यालय का घेराव कर राज्यपाल के नाम ज्ञापन तहसीलदार आरपी बघेल को सौंपा। इस मौके पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव प्रवीण साहू ने भाजपा सरकार की इस नीति पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि नए सेटअप के नाम पर किए जा रहे युक्तियुक्तकरण से प्रदेश के 10,463 स्कूलों को सीधे तौर पर बंद किया जा रहा है। साहू ने दावा किया कि इससे लगभग 45 हजार से अधिक शिक्षकों के पद समाप्त हो जाएंगे, जिससे उनके जीवनयापन पर सीधा असर पड़ेगा। साथ ही इन स्कूलों में कार्यरत रसोईया, भृत्य, स्वीपर और महिला समूहों से जुड़े लोगों के रोजगार के रास्ते भी बंद हो जाएंगे। कांग्रेस ने इसे शिक्षा न्याय आंदोलन नाम दिया है। इस विरोध प्रदर्शन में नगर पालिका उपाध्यक्ष बलविंदर गांधी, जिला पंचायत सदस्य यशवंत साहू, जिला पंचायत प्रतिनिधि लोकमनी कोशले, जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर ग्रामीण के उपाध्यक्ष चंद्रहास साहू और डामन साहू, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष भोला सोनवानी, ग्रामीण अध्यक्ष गिरधारी साहू, सुशील शर्मा, पालिका नवापारा नेता प्रतिपक्ष संध्या राव, महिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष शीला कंडरा, पार्षद रानू राठी, नीलकमल गिलहरे, अर्जुन साहू, हेमंत साहनी, रामरतन निषाद, रामा यादव, रेणुका साहू, सैकड़ों कांग्रेसजन मौजूद रहे।

## बलरामपुर में किया गया पौधारोपण

**छुईहा बेलर।** ग्राम पंचायत सरकड़ा और उनके आश्रित ग्राम बलरामपुर (बिरोड़ा) में रोहित साहू के जन्मदिन के अवसर पर पौधारोपण किया गया। सरपंच सरकड़ा अमिता मनोज यदू ने इस अवसर पर कहा की हम सबके जीवन मां का दर्जा सबसे ऊंचा होता है, मां हर दुःख सहकर भी अपने बच्चों का पालन पोषण करती है, हर मां अपने बच्चों पर हर स्नेह लुटाती जन्मदात्री मां का यह प्यार हम सब पर एक कर्ज की तरह होता है जिसे कोई चुका नहीं सकता।



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की इसी सोच को विश्व पर्यावरण दिवस पर एक विशेष अभियान शुरू और राजिम विधायक रोहित साहू के जन्मदिन पर मां के नाम एक पेड़ के इस अभियान पर बलरामपुर बिरोड़ा में वृक्षारोपण किया गया। प्रदेश साहू संघ उपाध्यक्ष एंव प्रखर वक्ता भुनेश्वर साहू ने कहा की पोषण के लिए धरती माता और मानव जीवन के पोषण के लिए हमारी माताओं के बीच समानता है। लोगों से अपनी मां के प्रति प्रेम, आदर और सम्मान के प्रतीक के रूप में एक पेड़ लगाने और धरती माता की रक्षा करने का संकल्प लेने का और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान को गति प्रदान किया जा रहा है। इस अवसर पर पूर्व सरपंच मनोज यदु, उपाध्यक्ष प्रदेश साहू संघ भुनेश्वर साहू, लेख राम, देव चरण साव, नीरज शर्मा, नारद साहू, धनेश साहू, दीपक साहू इत्यादि उपस्थित थे।

## 200 पौवा शराब के साथ युवक गिरफ्तार

**फिंगेश्वर।** ग्राम बरभाठा के सागौन प्लाटेशन के नाल के बेशरम झाड़ी मे एक व्यक्ति के द्वारा बड़ी मात्र मे शराब छुपा कर रखने की जानकारी मुखबिर से सूचना मिलते ही थाना फिंगेश्वर के द्वारा 10.06.2025 को छापामार कार्यवाही किया गया जिसके चलते एक व्यक्ति को पकड़कर पूछताछ करने पर वह अपना नाम दुलेश्वर यदु उम्र 40 वर्ष बरभाठा बताया।तलाशी लेने पर उसके कब्जे से दो सफेद रंग के प्लास्टिक बोरी के अंदर प्रत्येक बोरी में 100-100 पौवा देशी मदिरा मशाला प्रत्येक में 180-180 एमएल शराब भरा हुआ कुल 200 पौवा मशाला शराब कुल 36.000 बल्क लीटर किमती 20,000 रुपए का होना पाया गया। वह शराब का परिवहन करने की तैयारी मे था। आरोपी के कृत्य पर धारा 34 (2) छत्तीसगढ़ आबकारी एक्ट का घटित करना पाने से मौके पर आरोपी को विधिवत गिरफतार किया गया। अपराध क्रमांक 163.2025 धारा 34(2) आबकारी एक्ट पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। आरोपी को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। उक्त कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक गौतमचंद गावडे, धनुष निषाद आरक्षक परमानंद साहू, ललित नेताम, यादराम ध्रुव, लिलेश्वर कंवर, कामता बांधे, पदमन साहू, बलराम चौरे का सराहनीय योगदान रहा।



## महाप्रभु जगन्नाथ की रथयात्रा निकलेगी 27 को

हरिभूमि न्यूज ⏭ रसेला

इस बार गुरुवार से आषाढ़ महीने की शुरूआत हो चुकी है। इस मास में लोग विभिन्न कार्यों की शुरूआत भी करते हैं। अधिकतर देखा गया है कि इसी महीने अर्थात 13 -14 जून को छत्तीसगढ़ में मानसून आता है और किसान धान बोनी का काम शुरू कर देते हैं। जानकारी के मुताबिक हिंदू कैलेंडर का चौथा महीना आषाढ़ 12 जून, दिन गुरुवार को लग चुका है। आषाढ़ मास में भगवान शिव, विष्णु, लक्ष्मी एवं सूर्य देवता की विशेष रूप से पूजा अर्चना की जाती है। इस वर्ष आषाढ़ मास का महत्व ग्रहों के गोचर के कारण भी काफी बढ़ रहा है। सूर्य ग्रह का मिथुन राशि, बुध ग्रह का कर्क राशि और शुक्र ग्रह का वृषभ राशि में गोचर हो रहा है इसके कारण इन राशियों के जातकों पर गहरा प्रभाव पड़ सकता है। बताना होगा कि ज्येष्ठ मास की पूर्णिमा के बाद आषाढ़ मास की प्रतिपदा तिथि की शुरूआत होगी। ज्येष्ठ माह के शुक्ल पक्ष पूर्णिमा 10 जून सुबह 11. 35 से 11 जून दोपहर 1.13 तक रहेगा। इसके बाद आषाढ़ मास के कृष्ण पक्ष की प्रतिपदा तिथि शुरू हो जाएगी।प्रतिपदा तिथि 12 जून दोपहर 2. 38 तक रहेगी लेकिन उदया तिथि के कारण आषाढ़ मास 12 जून से शुरू माना जाएगा और इसका समापन 10 जुलाई को होगा।

**भगवान विष्णु 4 महीने के लिए चले जाएंगे योग निद्रा में-** साल भर में यह आषाढ़ मासिक होता है जिसके शुक्ल पक्ष एकादशी तिथि में भगवान विष्णु 4 महीने के लिए योग निद्रा में चले जाते हैं इस का पर्व पूरे देश में धूमधाम के साथ मनाया जाता वर्ष देवशयनी एकादशी 6 जुलाई को विशाखा और अनुराधा नक्षत्र में पढ़ रहा है। भगवान विष्णु के योग निद्रा में जाने के बाद उनके उठने तक शादी विवाह का कोई मुहूर्त नहीं पड़ता है। 26 जून को श्री जगन्नाथ रथ यात्रा है। प्रदेश के कई स्थानों पर यह पर्व मनाने के लिए लोगों में काफी उत्साह रहता है इसी क्रम में धर्म नगरी राजिम में भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और सुभद्रा रथ में सवार होकर नगर भ्रमण के लिए निकलते हैं। श्रद्धालु उनके रथ को खींचने के लिए आतुर रहते हैं। साल भर में एक ही दिन भगवान आम जनता से मेल मुलाकात के लिए नगर का भ्रमण करते हैं।



**इसी महीने खुलते हैं स्कूल-** आषाढ़ अर्थात 16 जून को पूरे प्रदेश में शिक्षा का नया सत्र प्रारंभ होता है। स्कूली विद्यार्थी स्कूलों में विद्या ग्रहण के लिए पहुंचते हैं। इस महीने अनेक व्रत एवं त्यौहार भी पड़ रहे हैं जिसमें 14 जून संकष्टी गणेश चतुर्थी, 15 जून मिथुन संक्रांति, 21 जून योगिनी एकादशी, 23 जून प्रदोष व्रत, मास शिवरात्रि, 24 जून रोहिणी व्रत, 25 जून अमावस्या, 26 जून गुप्त नवरात्रि आरंभ एवं चंद्र दर्शन, 27 जून जगन्नाथ रथ यात्रा, 6 जुलाई देवशयनी एकादशी, 8 जुलाई भौम प्रदोष व्रत, जया पार्वती व्रत प्रारंभ, 10 जुलाई गुरु पूर्णिमा।

## राजधानी में गायत्री परिवार की बैठक 15 को

**महासमुंद।** शांतिकुंज हरिद्वार से छत्तीसगढ़ जोन के प्रभारी सुखदेव भारद्वाज एवं परमेश्वर साहू की मौजूदगी में 15 जून 2025 (रविवार) को उपजोन रायपुर की बैठक गायत्री शक्तिपीठ समता कॉलोनी में प्रातः 10 बजे से होगी। कार्यक्रम दो सत्र में होगा। इसमें माताजी के जन्मशताब्दी समारोह की तैयारियों के संदर्भ में चर्चा की जाएगी। बैठक में महासमुंद जिले अंतर्गत सभी ब्लॉक के प्राणवान कार्यकर्ता, जिला समन्वयकगण, ब्लॉक समन्वयकगण, महिला मंडल, प्रज्ञा मंडल, युवा मंडल, शक्तिपीठों के संचालक एवं इकाई प्रभारियों को पहुंचने की अपील की है।

कालड़ा बर्न एवं
प्लास्टिक कास्मेटिक सर्जरी सेंटर



होंठों को पतला - मोटा करें
और आकर्षक बनायें.
इंजेक्शन व लेसर द्वारा
छ.ग.शासन से मान्यता प्राप्त
आर.के.सी.के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेड़ी नाका, धमतरी रोड कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay Advt.

## स्थानांतरण नीति के साथ ही शिक्षकों के वापसी आदेश जारी किए थे जेडी ने

# दफ्तरों में अटैच शिक्षक मूल शाला पहुंचे या नहीं? इससे विभाग स्वयं अनभिज्ञ

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

सरकारी कार्यालयों में सालों से बाबूगिरी कर रहे शिक्षकों को वापस बुलाने के निर्देश नए स्थानांतरण नीति में पहले ही शामिल किए जा चुके हैं। 5 जून से बच्चों को पढ़ाना छोड़कर सरकारी कार्यालय में बाबूगिरी कर रहे तहसील, निर्वाचन, जेडी, एसडीएम, कलेक्टर, साक्षरता कार्यालय सहित हॉस्टल जैसे स्थानों में जमे हुए शिक्षकों की वापसी का ज्वाइंड डायरेक्टर से आने के बाद अब तक कितने शिक्षक संलग्नीरण से लौटे इसकी सहीं सही जानकारी सप्ताहभर बीतने के बाद भी विभाग इसकी जानकारी मुहैय्या नही करा पाया है। अफसर ने संबंधित बाबू से जानकारी लेने कहा, लेकिन, संबंधित बाबू ने दर्जन बार कॉल के बाद भी फोन नही उठाया।

राज्य सरकार ने स्थानांतरण नीति जारी करने के साथ संलग्नीकरण (अटैचमेंट) कल्चर को समाप्त करने का निर्णय लिया है। स्थानांतरण नीति में ही विशेष तौर पर यह बात उल्लेखित है कि सभी जिला स्तरीय कर्मचारियों का संलग्नीकरण 5 जून से समाप्त माना जाएगा। साथ ही यह भी कहा गया है कि जहां किसी कर्मचारी की आवश्यकता होगी, स्थानांतरण नीति के अनुरूप स्थानांतरण किया जा सकेगा। इससे साफ हो गया है कि जिन-जिन विभागों में संलग्नीकरण अटैचमेंट का खेला हुआ, वह समाप्त हो चुका है, और विभिन्न विभागों में संलग्नीकरण के नाम पर जमे कर्मियों को उनकी मूल शाला में लौटना ही होगा। जेडी ने डीईओ को पत्र जारी कर अटैचमेंट में जमे शिक्षकों को तत्काल कार्यमुक्त करने का आदेश जारी किया है।

स्कूल में बच्चों को पढ़ाना छोड़कर सरकारी कार्यालय में काम कर रहे है। वहीं उनका नाम स्कूल में दर्ज है। इसलिए, उसके स्थान में दूसरे शिक्षक भी नहीं भेजे जा सकते। जिसके कारण बच्चों की पढ़ाई बाधित हो रही है। शिक्षकों का अटैचमेंट का मुद्दा विधानसभा में उठा था, तब उसको तत्काल समाप्त करने का आश्वासन मंत्री ने दिए।

### अतिशेष शिक्षक स्कूल जाने से बचने लगा रहे जुगत

जिले में अटैच शिक्षक सालों से स्कूल नहीं गए हैं। बच्चों को पढ़ाना तक भूल चुके इन लोगों को सरकारी दफ्तर में काम करने के बाद भी प्रमोशन मिल रहा है। शासन द्वारा अटैचमेंट समाप्त कर मूल शाला में भेजने का निर्णय लेते ही अटैच शिक्षक खुद को बचाने सक्रिय हो गए है। नेता और अधिकारियों का चक्कर लगाने के चलते एप्रोच भी अफसरों के पास पहुंचने लगा है। कतिपय यही कारण है कि जिसके कारण सप्ताह भर बाद भी शिक्षा विभाग इस मामले में स्वयं को अपडेट नही कर पाया है।




सुयश हॉस्पिटल
(NABH से मान्यता प्राप्त)
किडनी रोग विभाग
- किडनी फेलयर (ARF/CRF)
- डायलिसीस
- बच्चों की किडनी की समस्त प्रकार की बीमारी
- नेफ्रोटिक सिंड्रोम
- हाई बीपी (HIGH BP)
- PCNL
- AV FISTULA

24 Hours Helpline
9926386660
कोटा–गुढ़ियारी रोड़, होटल पिकाडली के पीछे, रायपुर
Ajay 9827144371

online Booking:-www.tripuryatra.com




चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री
16 अगस्त, 06 सितम्बर, 29 सितम्बर, 05 अक्टूबर 2025
चार धाम यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
(इन्क्लुड - इनोवा क्रिस्टा, स्विफ्ट डिजायर, टेम्पो ट्रैवलर, होटल, ब्रेकफास्ट एंड डिनर)
राशि:- स्टैंडर्ड पैकेज 17,000/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411